# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय
132ए, सिविल लाइन्स, इटावा

नियर पक्का तालाब चौराहा

फोन नं0 ☎ 05688--796776

E-mail ID-
eeetwupjnrural@gmail.com


पत्रांक 4086 / W-23 / 93 दिनांक :25/08/2026

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
इटावा।

**विषयः-- डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 24.08.2026 को प्रकाशित ई--समाचार "इटावा में जल जीवन मिशन के कनेक्शन नहीं मिलेः दो शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं, खुला पाइप पानी बह रहा" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 24.08.2026 को प्रकाशित ई--समाचार "इटावा में जल जीवन मिशन के कनेक्शन नहीं मिलेः दो शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं, खुला पाइप पानी बह रहा" खबर प्रकाशित की आख्या मांगी गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ई--समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड महेवा के ग्राम उरेंग में जल जीवन मिशन(फेज--3) कार्यक्रम के अर्न्तगत पेयजल योजना के शिरोपरि जलाशय क्षमता 325 किली0 / 15 मी0 निर्माणाधीन है, वितरण प्रणाली 22.896 किमी0 के सापेक्ष 22.488 किमी0 एवं 02 नग पम्प हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। डेढ़ वर्ष से धनाभाव के कारण कार्य की प्रगति धीमी रही है, वर्तमान में पुनः कार्य को प्रारम्भ कराया जा रहा है, वर्तमान में सीधे पम्पिंग से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। पाइपलाइन ज्वाइटिंग व टेस्टिंग एवं वाल्व फिक्सिंग का कार्य प्रगति पर है। शिकायतकर्ता श्री मोहर सिंह (शिकायत सं0 92616100018505) के यहाँ पेयजल कनेक्शन करा दिया गया है एवं श्री छोटे लाल (शिकायत सं0 92616100018502) द्वारा वर्षा के कारण अभी कनेक्शन लेने से मना किया जा रहा है, वर्षा बन्द होने के उपरान्त कनेक्शन करा दिया जायेगा। प्रकाशित खबर संतोषपुर बम्बा में पाइपलाइन खुली है, के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु बम्बा क्रॉसिंग हेतु अस्थाई व्यवस्था कर दी गयी थी, जिसे अज्ञात लोगों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत करा दी गयी है। योजना के समस्त कार्य निर्धारित समयावधि जनवरी 2027 तक पूर्ण कर लिये जायेंगे।

आख्या महोदय की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

भवदीय


(के0के0 प्रजापति)
अधिशासी अभियन्ता


पृ0सं0 एवं दिनांकः-- तदैव।

प्रतिलिपिः-- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3. जिलाधिकारी महोदय, इटावा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता





(2)

जल जीवन मिशन — दिनांक 25/8/2026
जन० - इटावा (उ० प्र०)
आवेदक - मोहर सिंह राजस्वग्राम - उरेंग
IGRS 92616100018505
विषय - मेहवा इटावा

महोदय, मेरे द्वारा की गई शिकायत का समाधान हो गया है, मेरे घर जल जल आपूर्ति हो रही है,

आवेदक
पिता जगतनारायण
(मोहर सिंह)
उरेंग



